## खास-खबरें

### विधायक कार्यालय में मनाई गई पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को विधायक कार्यालय में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित श्री उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक सुदेश राय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जी प्रखर राष्ट्रवादी और संगठनकर्ता थे उन्होंने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ जनसंघ की स्थापना की थी आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में भाजपा देश प्रदेश की सेवा कर रही है विधायक श्री राय ने कहा कि वह हमारे पद प्रदर्शक हैं उनके बताए हुए मार्ग पर ही हम सभी कार्यकर्ता निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुनील राय, कन्हैयालाल मालवीय, सुशील ताम्रकार, वरुण शर्मा, निर्मल पवार, नैतिक राय, सतीश बनवाइया, प्रदीप मेवाड़ा, जलज छोकर, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक शामिल रहे।

### मानोरा में नेत्र जांच शिविर 310 मरीजों का परीक्षण

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के सौजन्य से भगवान श्री जगन्नाथस्वामी ट्रस्ट मानोरा के सहयोग से ग्राम मानोरा की धर्मशाला में मोतियाबिंद निवारण एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 310 मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में चिकित्सक डॉ. सुनील अहिरवार ने मरीजों का परीक्षण किया। कैंप प्रभारी धर्मराज यादव के साथ सद्गुरु परिवार से ऋतिक बघेल एवं वैभव गुप्ता ने सहयोग किया। शिविर में 53 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जबकि 201 से अधिक मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, ट्रस्ट अध्यक्ष प्रताप सिंह रघुवंशी, गणेश राम रघुवंशी, अजय सिंह खुटिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। ट्रस्ट की ओर से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किए जाते हैं। कार्यक्रम में सद्गुरु सेवा संघ की चिकित्सकीय टीम और सहयोगियों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मराज यादव और मनमोहन ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। अजय खुटिया ने सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### पांच खिलाड़ियों ने किया जिले का प्रतिनिधित्व भोपाल संभाग पांच वर्गों में रहा उपविजेता





**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** खेल प्रतिभाओं के लिए पहचान बना रहे सीहोर जिले के खिलाडि़यों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सीहोर के पांच खिलाडि़यों ने विभिन्न वर्गों में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। खिलाडि़यों की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता के मिनी वर्ग बालक में ध्रुव द्विवेदी, मिनी वर्ग बालिका में जीविका सोलंकी, जूनियर वर्ग बालक में सुमित राजपूत तथा जूनियर वर्ग बालिका में आशी द्विवेदी एवं सानवी ने सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व किया। खिलाडि़यों की इस सफलता में कोच शैलेन्द्र सिंह चन्देल एवं मनमोहन सिंह चौहान के मार्गदर्शन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। खिलाडि़यों की इस उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षकों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डंपर की टक्कर से शिक्षक की मौत, चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने शुरू की जांच

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई। हादसा ढाबला फंटे के पास पेट्रोल पंप के नजदीक हुआ। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। खाखरिया खेड़ी निवासी महिपाल सिंह तोमर बाइक से जा रहे थे। ढाबला फंटे के पास उनकी बाइक डंपर की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में महिपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। महिपाल सिंह तोमर शासकीय माध्यमिक विद्यालय भूखी में गणित के वरिष्ठ शिक्षक थे। वे स्कूल में प्रभारी प्रधान अध्यापक की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार और स्कूल स्टाफ में शोक की स्थिति बन गई। विद्यार्थियों और सहकर्मियों ने भी उनके निधन पर दुख जताया। हादसे की सूचना मिलने पर नारायणगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केशव सत्संग में स्वामी सनिष्ठानंद महाराज के चातुर्मास का हुआ समापन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** मंदसौर स्थित श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में परम पूज्यपाद 1008 स्वामी सनिष्ठानंद जी महाराज का दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का भव्य आयोजन 29 जुलाई से प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन शनिवार को हुआ। समापन अवसर पर धर्मसभा में सनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि जो सत्संग आप सभी ने दो माह से सुना उसे अपने जीवन में उतारें और सदैव दुष्विचारों से दूर रहे और सकारात्मक विचारों को अपने जीवन में लायें ताकि सकारात्मकता से जीवन खुशहाली से चल सके। आपने कहा कि विपरित विचारों को त्यागे तभी जीवन में आगे बढ पायेंगे। सनातनी परंपरा को नहीं छोड़े आज हमारी युवा पीढी पश्चिमी सभ्यता की ओर आर्कषित हो रही है जो कि गलत है हमें हमारी युवा पीढी को सनातनी परंपरा से अवगत कराना होगा क्योंकि हमारी सनातनी परंपरा और संस्कृति बहुत प्रभावशाली और महान है। आपने कहा कि हमें धन, ज्ञान किसी का भी अभिमान नही करना चाहिए यदि सत्संग सुनकर भी हम अभिमान करते है तो हमारा सत्संग सुनने का कोई अर्थ नहीं है।

# राठौर ने 15 अखाड़ों और 11 झांकियों को किया पुरस्कृत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर की वर्षों पुरानी झांकी और अखाड़ों की परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी। देर रात से शुरू हुआ झांकियों और अखाड़ों का कारवां सुबह तक शहर की सड़कों से गुजरता रहा। शहर के मुख्य मार्ग पर दूर-दूर से पहुंचे लोगों ने परिवार के साथ सड़क किनारे खड़े होकर झांकियों का आनंद लिया। आकर्षक विद्युत सज्जा से सजी झांकियों और अखाड़ों के कलाकारों के हैरतअंगेज करतबों ने लोगों का मन मोह लिया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल पर इस वर्ष 15 अखाड़ों और 11 झांकियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अटल चौराहे पर नगर पालिका की ओर से भव्य मंच बनाया गया था, जहां प्रत्येक झांकी और अखाड़े के उस्तादों को मंच पर बुलाकर शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

**झांकियों ने फिर जीवंत की वर्षों पुरानी परंपराः** शहर में निकलीं आकर्षक और झिलमिलाती झांकियों के साथ अखाड़ों के कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से लोगों का मनोरंजन किया। धार्मिक, सामाजिक और जनजागरूकता से जुड़े संदेशों पर आधारित झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन ने एक बार फिर सीहोर की वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। शहर की सड़कों पर झांकियों और अखाड़ों का यह कारवां देर रात से सुबह तक उत्सव और उल्लास का केंद्र बना रहा।

**बिजली की सजावट से सजी झांकियां बनीं आकर्षणः** चल समारोह में बिजली की रंग-बिरंगी सजावट से सजी झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें धार्मिक और सामाजिक संदेशों के साथ पुरानी कहानियों को भी दिखाया गया। झांकियां देखने के लिए शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी हजारों लोग पहुंचे।

**अखाड़ों में दिखे तलवार और लाठी के करतबः** झांकियों के साथ अलग-अलग अखाड़ों ने भी हिस्सा लिया। पहलवानों और कलाकारों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। युवाओं और बच्चों ने तलवारबाजी, लाठी और अग्नि-कलाबाजी के करतब दिखाए। करतब देखने के दौरान लोगों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

### बरसाना की झांकी प्रथम

चल समारोह में शामिल झांकियों में बरसाना की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वच्छता का संदेश देने वाली झांकी दूसरे स्थान पर रही, जबकि राजू भदौरिया द्वारा प्रस्तुत मां गंगा की महिमा पर आधारित झांकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने झांकियों के निर्माण में जुटे कलाकारों एवं अखाड़ों के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस पहल से आयोजन में शामिल झांकी समितियों और अखाड़ों में भी उत्साह नजर आया।

### पं. मिश्रा ने की नपा के पहल की सराहना

चल समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी मंच पर पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका परिषद की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और सभी पार्षदों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। चल समारोह के मार्ग पर सड़क के दोनों ओर खेल-खिलौनों, खान-पान एवं अन्य सामग्री की दुकानें सजी रहीं। दूर-दराज से आए लोग अपनी जगह पर रातभर डटे रहे और झांकियों का इंतजार करते नजर आए।

### अगले बरस तू जल्दी आ' के साथ बप्पा को विदाई

रातभर शहर में घूमने के बाद सुबह चल समारोह सीहोर टॉकीज चौराहा पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने समारोह का स्वागत किया और गणेशजी से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद झांकियां और गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पानी के स्रोतों की ओर रवाना हुईं। श्रद्धालुओं ने 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी।

# खनिज विभाग के प्रमुख सचिव पोरवाल ने खेजड़ा गोपाल में किया जनसंवाद

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्रामों में पहुंचकर विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं का लिया जायजा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** मध्य प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को विदिशा जिले की सिरोंज तहसील के 25 ग्रामों में विशेष शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। खनिज विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने ग्राम खेजड़ा गोपाल में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और स्थानीय स्तर पर संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

इसी क्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं, निर्माणाधीन विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

**महू पंचायत में शैक्षणिक एवं जनसुविधाओं का निरीक्षणः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने महू पंचायत पहुंचकर एकीकृत शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र एवं उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

चितावर में स्कूल, स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना कार्यों का जायजा

चितावर पंचायत में कलेक्टर गुप्ता ने उचित मूल्य की दुकान एवं आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने हाईस्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इसके साथ ही आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पंचायत भवन में पहुंचकर कर कलेक्टर गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्यायों से अवगत होकर आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई कराई।

**खेजड़ा गोपाल में एकीकृत शाला एवं पंचायत भवन का निरीक्षण, ग्रामीणों से जनसंवादः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ग्राम खेजड़ा गोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने एकीकृत शाला एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद पंचायत भवन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधे चर्चा की। ग्रामीणों द्वारा बताई गई व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी ग्राम में खनिज विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने भी जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर प्रभावी समन्वय पर जोर दिया।

सिरोंज के आजीविका मिशन भवन में उद्यम संवाद में भी सहभागिता निभाई यहां केन्द्र व राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने संस्मरण साझा कर जीवन में आए परिवर्तन पर प्रकाश डाला है।

सिरोंज में कलेक्टर गुप्ता ने आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीण एवं स्व-सहायता समूहों से जुड़े उद्यमियों की गतिविधियों, रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं तथा शासन की योजनाओं से मिल रहे सहयोग की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया।

### कलेक्टर ने भौंरासा में विकास कार्यों और संस्थानों का किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने शनिवार को सोनकच्छ तहसील के भौंरासा का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संजय नगर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थित सर्वे कराने और वर्तमान भौगोलिक स्थिति दर्ज करने के लिए सैटेलाइट इमेज तत्काल फ्रीज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संजय नगर क्षेत्र, आबादी और मतदाताओं को ग्रामीण क्षेत्र में शामिल करने की प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जाए, ताकि नागरिकों को शासकीय सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि वर्तमान स्थिति दर्ज होने के बाद शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने दमयंती तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के गहरीकरण सहित आवश्यक कार्य शीघ्र पूरा करने और कैचमेंट क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, ताकि पानी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा न आए।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया और कचरा निस्तारण को अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरे से मिट्टी अलग करने वाली पटका मशीन सभी नगर पंचायतों को शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए कहा।

इसके बाद कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरासा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

### अनुवाद के क्षेत्र में करियर की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के अंग्रेजी विभाग तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में अनुवाद के क्षेत्र में करियर की संभावनाएँ विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के नवीन सभागार में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुवाद के क्षेत्र में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों तथा करियर की संभावनाओं से परिचित कराना था। विषय विशेषज्ञ ऐशिता राठौर, सहायक प्राध्यापक, आईआईआईटी, भोपाल ने अपने वक्तव्य में वर्तमान समय में विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं वैश्विक भाषाओं के बीच बढ़ते संवाद के संदर्भ में अनुवाद की उपयोगिता पर विशेष रूप से चर्चा की। सुश्री राठौर ने अपने उद्बोधन में शासकीय, अशासकीय, एवं फ्रीलांसिंग के क्षेत्र में अनुवाद में रोजगार की व्यापक संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुवाद के विभिन्न आयामों से भी अवगत कराया। उन्होंने साहित्यिक अनुवाद के साथ-साथ तकनीकी, प्रशासनिक, मीडिया, डिजिटल कंटेंट, उपशीर्षक, दुभाषिया कार्य तथा मशीन एवं एआई आधारित अनुवाद जैसे उभरते क्षेत्रों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। सुश्री राठौर ने अनुवाद को एक विकसित होते हुए व्यावसायिक कौशल और करियर क्षेत्र के रूप में देखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने चार विद्यार्थी सीहोर रवाना

**गंजबासौदा।** राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नवांकुर विद्यापीठ और डॉल्फिन विद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सभी विद्यार्थी शनिवार को सीहोर के लिए रवाना हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितंबर तक सीहोर में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 12 और 13 सितंबर को सीहोर में आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में नवांकुर विद्यापीठ के मानदांगी तथा डॉल्फिन विद्यालय के अनुज नायक, इशिता गुप्ता और समर्थ अरोरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चारों विद्यार्थी डॉल्फिन विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी गौरव भारद्वाज के नेतृत्व में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सीहोर रवाना हुए।

### 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता से बच्चों के ज्ञान और वैचारिक चिंतन को मिला विस्तार : मंत्री काश्यप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में जिले के 616 विद्यालयों के करीब 20 हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में 12 विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत किए, जबकि 250 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। उत्कृष्ट प्रतिभाओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान एवं वैचारिक चिंतन को विस्तार देने के साथ उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का माध्यम हैं। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और भावनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है और मेक इन इंडिया के माध्यम से देश में ही उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों से वैचारिक विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। भाषण प्रतियोगिताओं से अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है, जबकि चित्रकला बच्चों की कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने का माध्यम बनती है। चित्रकला में नव्या नागरिया प्रथम, खुशाल सिंह परमार द्वितीय, हर्षिता बामनिया तृतीय, प्रियंका धाकड़ चतुर्थ और विकास झोडिया पंचम रहे। भाषण में हर्षवर्धन सिंह झाला प्रथम, भव्य शर्मा द्वितीय, कृष्णा चौहान तृतीय, गारी राठौर चतुर्थ और लेखनी बरमेचा पंचम रहीं।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अजय कटेसरिया, जिला पंचायत सीईओ वैशाली जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सिमरन सूर्यवंशी सहित विद्यार्थी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि ने किया जिले का भ्रमण




**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती जी.डी. रश्मि ने विदिशा जिले का भ्रमण कर महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का मैदानी स्तर पर अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने उनके साथ भ्रमण कर विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा जिले में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया।

प्रमुख सचिव श्रीमती जी.डी. रश्मि ने सर्वप्रथम ग्राम कुंआखेड़ी स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, पोषण आहार, शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। इसके पश्चात विदिशा ग्रामीण परियोजना के अंतर्गत खरी स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद ग्यारसपुर परियोजना अंतर्गत अटारीखेजड़ा क्रमांक-2 एवं 3 तथा मानोरा क्रमांक-2 स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं, केन्द्र संचालन तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई। प्रमुख सचिव ने केन्द्रों की व्यवस्थाओं को मौके पर देखा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्रीमती जी.डी. रश्मि ने ग्यारसपुर में कम्युनिटी किचिन का भ्रमण कर वहां भोजन तैयार करने एवं वितरण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इसके पश्चात ग्यारसपुर स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का भ्रमण किया गया। यहां उन्होंने कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाओं तथा बच्चों के पुनर्वास के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान अतिगंभीर एवं कुपोषित बच्चों तथा उनके परिवारों से भी भेंट की गई। प्रमुख सचिव ने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं उपचार की स्थिति के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भ्रमण के दौरान जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पोषण पुनर्वास केन्द्रों एवं कम्युनिटी किचिन की व्यवस्थाओं की जानकारी प्रमुख सचिव को दी। उन्होंने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तथा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया है।

भ्रमण के दौरान स्थानीय एसडीएम श्रीमती शशि मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार तथा एन जी ओ और महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।